>

Title : Need to set up an airport in Bikaner, Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति जी, मैं राजस्थान के बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूँ। बीकानेर डिविजनल हैडक्वार्टर है। वहां एयरपोर्ट के अभाव के कारण टूरिस्टों की अपेक्षित गति नहीं बढ़ पाती है। मेरा आपके माध्यम से यह कहना है कि बीकानेर टूरिस्ट स्पॉट होने के कारण और ऊन की सबसे बड़ी मण्डी होने के कारण, वहां एयरपोर्ट होना बहुत जरूरी है। एयर टैक्सी के लिए, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस में एक एनओसी पेंडिंग है। जितने भी छोटे-छोटे तकनीकी कारण हैं, उनको दूर कर बीकानेर में एयरपोर्ट की स्थापना में मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस पूरे कदम उठाए।

मैं आपके माध्यम से यह भी कहना चाहता हूँ कि जब एयर एण्डिया के बारे में डिस्कशन हो रहा था और जब मंत्री जी जवाब दे रहे थे, तब उन्होंने कहा था कि वे छोटे-छोटे शहरों को एयर से जोड़ना चाहते हैं। मंत्री जी यहां पर जवाब दे कर चले जाते हैं और उसके बाद उस पर कोई कार्यवाई होती है या नहीं, उसका हमें कुछ पता नहीं है। मेरे साथी देवजी यहां पर बैठे हैं, जो माउंट आबू से आते हैं, माउंट आबू में ब्रह्मा कुमारी का शांति प्रतिष्ठान इंटरनेशनल इश्यू है, फिर भी वहां पर एयरपोर्ट नहीं है।

सर, जो छोटे-छोटे शहर हैं, उनको एयरपोर्ट से जोड़ने का प्रयास होना चाहिए। इससे टूरिस्ट भी बढ़ेगा और एयर इण्डिया को भी इनकम होगी या और कोई प्राइवेट एजेंसी आएगी, उसको भी इनकम होगी। सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

MR. CHAIRMAN:

Mr. Devji M. Patel is allowed to associate with the matter raised by Shri Arjun Ram Meghwal.